Stabbing to death of Shri G. Murugaiyan, M.P.

318. SHRI ISHWAR CHAUDHRY: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Mr. G. Murugaiyan, CPI, M.P. representing the Nagapattinam constituency was stabbed to death at Chittamali near his home on the 5th January, 1979; and

(b) whether Government has received ay detailed report in this regard and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL): (a) Yes, Sir.

(b) The Government of Tamil Nadu has sent a report that a case under Section 302 IPC has been charge sheeted on February 6, 1979 in the Mannargudi Sub Magistrate Court against Shri Chandra Bose, and that the matter is *sub judice.*

विभिन्न योजनाओं के लिए बिहार राज्य को राशि स्वीकृत किया जाना

319. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार ने बिहार राज्य की विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए चालू वित्तीय वर्ष में कितनी राशि स्वीकृत की है ;

(ख) क्या सरकार का विचार बिहार में, जो एक पिछड़ा तथा आर्थिक रूप से कमजोर राज्य है, कोई विशेष योजना प्रारम्भ करने का है ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार ने बिहार में 'विद्युत् उत्पादन योजना के अन्तर्गत कहलगांव में एक तापीय बिजली घर की स्थापना के लिये एक प्रस्ताव छठी योजना में शामिल किया है?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री फ़ज़लुरहमान): (क) बिहार को चालू वर्ष की योजना के लिए 384.14 करोड़ रुपए की राशि अनुमोदित की गई है। इस के अलावा 1978-79 के लिये बिहार में पिछड़े क्षेत्रों की विभिन्न श्रेणियों के विकास के हेतु विशेष कार्यक्रमों/स्कीमों के लिए केन्द्रीय मंत्रालयों के आवंटन इस प्रकार हैं :—

	(करोड़ रुपए)
लघु कृषक विकास अभिकरण	5.38
जनजातीय क्षेत्र विकास	0.35
सूखा प्रवृत्त क्षेत्र कार्यक्रम (केन्द्रीय भाग)	6.70
जनजातीय उपयोजना के लिये विशेष केन्द्रीय सहायता	9.75
पूर्ण रोजगार के लिए क्षेत्र आयोजना	0.18

(ख) 1978-83 की योजना के प्रारूप में ऐसे अनेक कार्यक्रम शामिल हैं जो बेरोजगारी को दूर करने और गरीबी और असमानताओं को कम करने के लिए राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए बनाए गए हैं। राज्य में अनुसूचित जाति और जनजातीय जनसंख्या की बहुलता वाले क्षेत्रों सहित राज्य के विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों को ऐसे कार्यक्रम आवंटित करना राज्य का काम है।

(ग) इस क्षेत्र में एक तापीय बिजली घर स्थापित करने के लिये प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। तथापि बिहार में जिन नई विद्युत् उत्पादन परियोजनाओं पर कार्य 1978-83 की योजना की अवधि में शुरू किया जाना है उन का निर्धारण अभी पूरा नहीं हुआ है।

पिछड़े तथा आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों को अतिरिक्त सहायता

320. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** :

श्री वीरेन्द्र प्रसाद :

क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछड़े तथा आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों के मुख्य मंत्रियों ने केन्द्र सरकार से अतिरिक्त सहायता के लिये अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो बिहार राज्य को अतिरिक्त सहायता के रूप में कितनी राशि देने का विचार है; और

(ग) क्या राज्यों को अतिरिक्त सहायता देते समय उन की जनसंख्या को ध्यान में रखा जायेगा ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री फ़ज़लुरहमान): (क) जी, हां।

(ख) और (ग). केन्द्रीय सहायता के आवंटन का प्रश्न राष्ट्रीय विकास परिषद् के सामने है जिस की बैठक इस महीने 24 और 25 तारीख को होने वाली है।